आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 19.04.2024
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- उत्तराखण्ड में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक रूप से संपन्न ।
- राज्य की सभी पांच सीटों पर शाम 5 बजे तक 53 दशमलव 5–6 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।
- चुनाव में युवा, बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने भी उत्साह के साथ मतदान किया।
- भारतीय रेल, गर्मियों के भीड़ को देखते हुए रिकॉर्ड संख्या में अतिरिक्त ट्रेन चला रहा है।

---------------

**मतदान**

उत्तराखण्ड की सभी पांच लोकसभा सीटों पर आज शांतिपूर्वक रूप से मतदान संपन्न हो गया। शाम पांच बजे तक मतदान का कुल प्रतिशत 53 दशमलव पांच–छह प्रतिशत रिकॉर्ड किया गया। सबसे अधिक 59 दशमलव तीन–छह प्रतिशत मतदान नैनीताल उधमसिंह नगर सीट पर दर्ज किया गया है। राज्य में सुबह के समय मतदाताओं में वोटिंग के लिए उत्साह नज़र आया और सुबह ग्यारह बजे तक 24 दशमलव आठ–तीन प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। हालांकि दोपहर के समय में तेज गर्मी के कारण मतदान में थोड़ा कमी आई। शाम के वक्त एक बार फिर मत डालने के लिए मतदान केंद्रों पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। गौरतलब है कि प्रदेश में 83 लाख 37 हजार 914 पंजीकृत मतदाता हैं और इनमें से करीब 60 प्रतिशत लोगों ने चुनावी प्रत्याशियों का भाग्य आज ई.वी.एम में कैद किया। इस चुनाव में 55 चुनावी प्रत्याशियों का भविष्य तय कर रहे हैं। सर्वाधिक 14 प्रत्याशी हरिद्वार सीट से और सबसे कम अल्मोड़ा से 7 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं, जबकि गढ़वाल संसदीय क्षेत्र से 13, टिहरी गढ़वाल से 11 और नैनीताल–ऊधमसिंहनगर से 10 उम्मीदवार चुनाव लड रहे हैं।

## मतदान

लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के लिए प्रदेश भर के 11 हजार 723 मतदान केंद्र बनाए गए, जिनमें सुरक्षा के पर्याप्त बंदोबस्त किये गये थे। इनमें से तीन हजार चार सौ 66 शहरी और आठ हजार दो सौ 57 मतदान केन्द्र ग्रामीण क्षेत्र में हैं। 92 मतदान केन्द्रों पर सभी चुनाव कर्मी महिलाएं तैनात रही। राज्य में 23 आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए। 68 मतदान केन्द्रों का प्रबंधन दिव्यांगजनों ने किया। मतदान के लिए प्रदेश को कुल 274 जोन व 1499 सेक्टर में बांटा गया था, जबकि 5 हजार 8 सौ 92 केंद्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था भी की गई थी। गौरतलब है कि वर्ष 2019 के चुनाव में राज्य में 61 दशमलव पांच प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था।

## मतदान के रंग

राज्य की सभी लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए युवा, बुजुर्ग और दिव्यांग सभी मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया। टिहरी लोकसभा सीट के पुरोला विधानसभा के सुनाली पोलिंग स्टेशन पर सौ वर्षीय उज्वला देवी ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं गुंदियाट गांव में 83 वर्षीय दिव्यांग मतदाता पूर्णचंद सहित अन्य दिव्यांग मतदाताओं को व्हीलचेयर के सहारे मतदान स्थल तक पहुंचाकर मतदान कराया गया। वहीं पौड़ी विधानसभा क्षेत्र की डडुवादेवी मतदान केन्द्र पर 103 वर्षीय मतदाता कमलादेवी ने वोट डाला। उधर, उत्तरकाशी जिले की यमुनोत्री विधानसभा में 97 वर्षीय शेर दास को डोली के सहारे मतदेय स्थल तक लाया गया, जहां पर उन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं हल्द्वानी के बूथ नंबर 110 गांधीनगर में एक सौ एक वर्षीय मतदाता मज़ीदन ने अपना वोट डालकर लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लिया।

## आदर्श महिला मतदान केंद्र

भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के सभी जिलों में एक–एक आदर्श महिला मतदान केंद्र बनाया था। देहरादून के रायपुर विधानसभा के अंर्तगत एक स्कूल में आदर्श महिला मतदान केंद्र बनाया गया। यहां महिलाओं के लिए विशेष प्रकार की सुविधाओं का ख्याल रखा गया। इसके साथ ही बच्चों के लिए खेलने की व्यवस्था के साथ ही जरूरतमंद चीजों का प्रबंध किया गया। इस बूथ पर कर्मचारी भी अधिकतर महिलाएं रहीं, जिन्होंने मतदान में अपना पूरा सहयोग दिया। इसके साथ ही फर्स्ट टाइम वोटरों के लिए बूथ को अधिक आकर्षक बनाने के लिए म्यूजिक भी चलाया गया।

## विशेष व्यवस्थांए

वहीं, चुनाव आयोग ने इस बार मतदेय स्थलों पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की थी। देहरादून में मतदान के लिए दिव्यांगों में भी उत्साह देखने को मिला। दिव्यांग मतदाता कनिका का कहना है कि उन्होंने रोजगार और महिला सुरक्षा के मुद्दे पर वोट डाला है।

वहीं, हल्द्वानी में दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की गयी थी। गौलापार में आदर्श दिव्यांग बूथ बनाया गया था। इस बूथ में 37 दिव्यांग मतदाता थे। निर्वाचन आयोग द्वारा दिव्यांग मतदाताओं को लाने व ले जाने की व्यवस्था की गई थी।

**मतदान से जुड़ी और अधिक जानकारी के लिए चलते हैं अब हमारे क्षेत्रीय संवाददाताओं के पास–––**

हरिद्वार लोकसभा संसदीय क्षेत्र में 59 दशमलव शून्य एक प्रतिशत मतदान हुआ। इस सीट पर मतदान गतिविधियों के संबंध में हमारे क्षेत्रीय संवाददाता देवेंद्र शर्मा और अधिक जानकारी दे रहे हैं।

उधर, रुद्रप्रयाग जिले के सभी पोलिंग स्टेशनों पर मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो गया है।

वहीं, उत्तरकाशी जिले में सुबह से ही मतदान के लिए लोगों में खासा उत्साह देखा गया। इस दौरान सुव्यवस्थित मतदान के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गए थे।

## सीमांत जिला मतदान

सीमांत जिले चमोली के वाइब्रेंट विलेज नीती–माणा घाटी के मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान में भागीदारी निभाई। इस समय नीती और माणा घाटी बर्फ से ढके हुए हैं। इन घाटियों में 9 हिमाछादित मतदेय स्थल बनाए गये थे। इन प्रवासी मतदाताओं को शीतकालीन निवास स्थल के समीप ही मतदान करने की सुविधा दी गई। इसके लिए जिले मे 40 बूथ चिन्हित किए गए थे। इसमें बद्रीनाथ विधानसभा मे 27, थराली विधानसभा मे 6 और कर्णप्रयाग विधानसभा के सात मतदेय स्थलो मे संबद्ध किया गया था।

## मताधिकार प्रयोग

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने देहरादून और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऊधमसिंह नगर के खटीमा में मतदान किया। वहीं, गढ़वाल सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने पैठाणी और हरिद्वार सीट से भाजपा उम्मीदवार त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने देहरादून के डिफेंस कालोनी के मतदान स्थल में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने चौबट्टाखाल विधानसभा क्षेत्र के पोखड़ा ब्लाक में सेड़ियाखाल बूथ पर वोट डाला। हरिद्वार लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी विरेन्द्र रावत ने बीएसएम पीजी कॉलेज रुड़की के मतदान केंद्र में मतदान किया। टिहरी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह ने राजकीय बालिका इंटर कालेज नरेंद्रनगर में मतदान किया। उधर, गढ़वाल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी ने पौड़ी जिले के खोला बूथ पर अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। टिहरी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला ने मसूरी के सेंट लारेंस स्कूल के पोलिंग बूथ में लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। उधर, अल्मोड़ा संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा ने बागेश्वर जिले के लोब बूथ पर जाकर मतदान किया। वही भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा ने अल्मोड़ा के दुगाल खोला में

बने मतदान केंद्र में वोटिंग की। नैनीताल–ऊधम सिंह नगर संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने रानीखेत के मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान किया।

वहीं कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने नैनीताल जिले के कालाढूंगी के गेबुवा बूथ पर मतदान किया। हरिद्वार में योगगुरु बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने कनखल स्थित दादूबाग पोलिंग बूथ पर वोट डाला। वहीं, बॉलीवुड अभिनेत्री और मॉडल उर्वशी रौतेला ने भी कोटद्वार स्थित मतदान केंद्र में अपने मत का प्रयोग किया। प्रदेश की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने देहरादून की स्कॉलर होम स्कूल में बनाये गये मतदान केंद्र में मतदान किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर बीवीआरसी पुरुषोत्तम, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे और देहरादून की जिलाधिकारी सोनिका ने भी अपने–अपने क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर जाकर मतदान किया। अल्मोड़ा के जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा ने मतदान किया। वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने रानीखेत में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महोत्सव में अपना योगदान दिया।

## भारतीय रेल

भारतीय रेल, गर्मियों के दौरान यात्रियों की बढती मांग और सुविधा के लिए रिकॉर्ड नौ हजार एक सौ 11 रेल के अतिरिक्त फेरे संचालित कर रही है। यह पिछले साल गर्मियों की तुलना में काफी अधिक है। रेल मंत्रालय ने कहा है कि देश भर के प्रमुख गंतव्यों को जोड़ने के लिए अतिरिक्त रेलगाडियों के संचालन की योजना बनाई गई है। गर्मी के मौसम में क्षेत्रीय रेलवे को स्टेशनों पर पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। सभी प्रमुख और महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण की विस्तृत व्यवस्था की गई है और गतिविधियों की निगरानी के लिए इन स्टेशनों पर वरिष्ठ अधिकारी तैनात किए गए हैं।

**तैयारियां**

लोकपाल लक्ष्मण मंदिर व हेमकुंड साहिब यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। सेना और गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी कल से बर्फ हटाने की रणनीति तय की है। गुरुद्वारा के मुख्य प्रबंधक सरदार सेवा सिंह ने बताया कि सेना व सेवादार पहले हेमकुंड तक पैदल जाने का रास्ता बनाया जाएगा। इसके बाद अटलाकोटी हिमखंड को काटने के साथ हेमकुंड में बर्फ हटाई जाएगी।

--------------